Phone No. (0522) 2494027
Email. estate@sgpgi.ac.in

संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ
SANJAY GANDHI POST GRADUATE INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES,
RAEBARELI ROAD, LUCKNOW-226014

पत्रांक संख्या :पी0जी0आई0 / सम्पत्ति / एच–576 / 29 / 2026 दिनांक 24.01.2026

# परिपत्र

विषयः संस्थान में नवनियुक्त संकाय सदस्यों (संविदा पर ) को रिक्त टाईप–4 श्रेणी के आवास आवंटन का प्रस्ताव आवास सं0 **24,76 एवं 78** (पुराना परिसर)

एतद्द्वारा वर्तमान में टाईप–4 श्रेणी के आवंटन योग्य 03 आवास रिक्त है। टाईप–4 श्रेणी के आवासों की वर्तमान में नियमित संकाय सदस्यों की कोई वरिष्ठता सूची नहीं है। संस्थान में संविदा पर नवनियुक्त संकाय सदस्यों द्वारा कार्यभार ग्रहण किये जाने के फलस्वरूप आवास हेतु प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है। उपरोक्त आवासों को आवंटन किये जाने हेतु निदेशक महोदय द्वारा अनुमोदनोपरांत प्रदान किये जाने के कम में संविदा पर नवनियुक्त संकाय सदस्यों को आवास आवंटन हेतु प्रस्तावित किया जाता है। आवास आवंटन किये जाने के उपरान्त आवास को परिवर्तित नहीं किया जायेगा तथा नियमित संकाय सदस्यों द्वारा संस्थान में कार्यभार किये जाने पर आवास आवंटन में नियमित संकाय सदस्यों को वरीयता प्रदान की जायेगी।

नवनियुक्त संकाय सदस्यों (संविदा पर) से अपेक्षा की जाती है कि वर्णित आवासों का चयन कर आवास पर अपनी सहमति विलम्बतम दिनांक **31.01.2026** तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना चाहे। एक ही आवास हेतु अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में सम्पत्ति विभाग में प्राप्त प्रार्थना–पत्रों की तिथि को आधार रखते हुये आवास आवंटन किया जायेगा। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। निर्धारित प्रारूप पत्र के साथ संलग्नक है।

उक्त परिपत्र निदेशक महोदय के अनुमोदनोपरांत निर्गत किया जा रहा है ।

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

सम्पत्ति अधिकारी

प्रतिलिपिः

1. निदेशक महोदय को सादर सूचनार्थ।
2. समस्त विभागाध्यक्षों / नोडल अधिकारियों को ई–मेल / ई–आफिस के माध्यम से इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया अपने अधीनस्थ संविदा पर नवनियुक्त संकाय सदस्यों को उक्त आदेश से अवगत कराने की कृपा करें ।
3. विभागाध्यक्ष बायोस्टैटिस्टिक्स से अनुरोध है कि उक्त आदेश संस्थान को वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपा करें।
4. अधीक्षण अभियंता (विद्युत)
5. अधिशाषी अभियंता (सिविल)
6. समस्त नोटिस बोर्ड

24 Jan 2026

सम्पत्ति अधिकारी